Title : Need to provide more Railway facilities in Nawada District, Bihar.

डॉ. संजय पासवान (नवादा) : सभापति महोदय, रेल के क्षेत्र में अपने देश मे काफी प्रगति हुई है। राजधानी एवं शताब्दी एक्सप्रेस के अलावा अब और भी अत्याधुनिक तकनीक के चलने वाली ट्रेनों की व्यवस्था रेल मंत्रालय करने में व्यस्त है, वहीं देश के कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं, जहां बार-बार विभिन्न माध्यमों से सरकार का ध्यान आकृट करने के वाबजूद भी स्थिति जस की तस है। ऐसे ही श्रेणी में बिहार का नवादा जिला है। जहां स्वतन्त्रता प्राप्ति के 54 र्वा के बाद भी रेल मार्ग के ि वकासपर कोई ध्यान नही दिया गया। अन्तर्राट्रीय तीर्थ स्थल राजगीर एवं पावापुरी का सीमावर्ती जिला होने के बावजूद इस मार्ग पर एक भी एक्सप्रैस ट्रेन नहीं है, जो नई दिल्ली एवं कलकत्ता को नवादा से जोड़ सके।

मैं आपको माध्यम से रेल मंत्रालय से यह आग्रह करना चाहता हूं कि सरकार नवादा जैसे रेल के दृटिकोण से पिछड़े किन्तु महत्वपूर्ण स्टेशन तथा रेल मार्ग के विकास हेतु शीघ्र कार्यवाही करने की कृपा करें। 54 र्वा के बाद भी किऊल-गया रेल मार्ग का विकास नहीं हो पाया है, जिसे अतिशीघ्र किया जाना चाहिए।